<u>अग्रवाल कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस</u>

आज दिनांक 29 अगस्त 2024 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रांगण में **"हॉकी के जादूगर"** मेजर ध्यानचंद की 119वीं जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया ।

यह कार्यक्रम कॉलेज के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता व महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया ।

इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ॰ संजीव कुमार गुप्ता जी ने मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया व कॉलेज के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार 2012 में इस दिन को राष्ट्रीय उत्सवों की सूची में शामिल किया गया ताकि देश में शारीरिक गतिविधियों और खेलों के महत्व को लेकर जागरूकता फैले । उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद जी ने भारत को ओलंपिक में लगातार तीन बार वर्ष 1928,1932 व 1936 में स्वर्ण पदक जिताकर हैट्रिक बनाई थी ।

उन्होंने खेलों को समर्पण व खेल भावना से खेला तभी वे इतने महान खिलाड़ी बने कि आज हम उनका जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहे हैं । इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ० के० एल० कौशिक, खेलकूद विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ॰ जगवीर सिंह व श्री पवन दलाल मौजूद रहे ।